# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-6

# संक्षिप्त कार्य विवरण

## पत्रक भाग-एक

**मंगलवार, दिनांक 21 फरवरी, 2006 (फाल्गुन 2, 1927)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. औचित्य प्रश्न और व्यवस्था

श्रीमती जमुना देवी,नेता प्रतिपक्ष द्वारा औचित्य का प्रश्न उठाया गया कि वर्ष 2006-2007 का आय-व्ययक आज 10.30 बजे प्रस्तुत होना है, तो आज के प्रश्नकाल का क्या होगा क्या आज के प्रश्नों को बाद में लिया जवेगा।

**व्यवस्था**

अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर व्यवस्था दी गई कि वर्ष 2002 में यह तय किया गया था कि लोकसभा के अनुसार बजट सांय 4 बजे के स्थान पर प्रातः 10.30 बजे प्रस्तुत किया जाएगा और परम्परा के अनुसार उस दिन सदन की और कोई कार्यवाही नहीं होगी। इसी परम्परा का पालन करते हुए वर्ष 2002-03, वर्ष 2003-04, वर्ष 2004-05 और वर्ष 2005-06 का बजट प्रात: 10.30 बजे प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 14.2.06 को सर्वदलीय बैठक में भी यह तय हो गया था कि परम्परा अनुसार ही इस वित्तीय वर्ष 2006-07 का बजट भी प्रात: 10.30 बजे प्रस्तुत किया जाए। इस प्रकार जो पूर्व से परम्परा थी, उसी के अनुसार यह प्रस्तुत किया जा रहा है। अत: मैं माननीय सदस्यों की इस आपत्ति को अमान्य करता हूं।

(डॉ. आई. एम.पी. वर्मा, सदस्य सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य विपक्षी सदस्य उनके माइक बंद हो जाने के विरोध में गर्भगृह मे आ गए तथा कुछ समय पश्चात् वापस अपने आसन पर चले गये)

### 2. वर्ष 2006-2007 के आय -व्ययक का उपस्थापन

श्री राघव जी, वित्त मंत्री ने वर्ष 2006-2007 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि दिनांक 22,23,24 तथा 28 फरवरी, 2006 तक का समय आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए नियत किया गया है तथा आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 21 फरवरी, 2006 को सायं 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जाने का समय नियत किया है

12.00 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 22 फरवरी, 2006 (फाल्गुन 3, 1927) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

**डॉ. ए.के. पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**